# पिच फेस्ट 2.0 से लखनऊ को मिली स्टार्टअप राजधानी की नई पहचान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप ईकोसिस्टम में राजधानी लखनऊ तेजी से एक उभरते हब के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। इसी क्रम में आयोजित पिच फेस्ट 2.0 ने यह स्पष्ट कर दिया कि प्रदेश का स्टार्टअप परिदृश्य अब केवल एनसीआर तक सीमित नहीं रह गया है।

विजन स्टार्टअप्स एक्सेलरेटर द्वारा माय प्लेस कोवर्किंग, लखनऊ में आयोजित इस फंडिंग-केंद्रित कार्यक्रम में प्रदेश के नौ शहरों से आए 60 से अधिक स्टार्टअप्स ने भाग लिया। स्टार्टअप्स ने निवेशकों के समक्ष अपने इनोवेटिव आइडिया, बिजनेस मॉडल और विस्तार योजनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में स्टार्टअप फाउंडर्स, एंजेल निवेशक, मेंटर्स और ईकोसिस्टम से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्र हुए। निवेशकों और स्टार्टअप्स के बीच हुए सीधे, व्यावहारिक संवाद कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे, जिससे कई स्टार्टअप्स के लिए फंडिंग और रणनीतिक साझेदारी की दिशा में ठोस प्रगति के संकेत मिले।

**दो जोन, एक लक्ष्य :** पिच फेस्ट 2.0 को दो समानांतर जोन में आयोजित किया गया। पिच एरीना में स्टार्टअप्स ने अपने बिजनेस मॉडल, रेवेन्यू स्ट्रक्चर और स्केलिंग रणनीतियां निवेशकों के समक्ष रखीं। वहीं मेंटोर एंगेजमेंट जोन में क्लोज्ड मेंटर क्लीनिक्स, एएमए सत्र और त्वरित सलाह बैठकों के माध्यम से फाउंडर्स को वैल्यूएशन, गो-टू-मार्केट रणनीति और यूनिट इकॉनॉमिक्स पर सीधा मार्गदर्शन मिला। इस दोहरी व्यवस्था ने कार्यक्रम को अत्यंत परिणामोन्मुखी बनाया।

## निवेशकों और स्टार्टअप्स के सीधे संवाद से स्टार्ट-इन-यूपी को मिली नई गति

**अनुभव से मिली सीख...**

कार्यक्रम का उद्घाटन शार्क टैंक-फंडेड स्टार्टअप आईएसएके की संस्थापक विदुषी विजयवर्गीय और लखनऊ की वीसी-फंडेड एडटेक कंपनी एट इन्फोबे के संस्थापक रोहित मांगलिक ने किया। दोनों वक्ताओं ने निवेश की तैयारी, निष्पादन और स्केलिंग से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए स्टार्टअप फाउंडर्स को व्यावहारिक और उपयोगी सलाह दी।